Bareilly, Friday,
29 August 2025
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 12

दैनिक जागरण

PAGE NO : III MIDDLE

# गणेश चतुर्थी पर हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम, आइपीएस की टीम रही विजेता

जासं, बरेली : एसआरएमएस कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (एसआरएमएस) में गुरुवार को गणेश चतुर्थी के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसका मुख्य आकर्षण गणेश उत्सव पर आधारित नृत्य प्रतियोगिता रही, जिसमें एसआरएमएस ट्रस्ट की विभिन्न संस्थाओं के छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इंस्टीट्यूट आफ पैरामेडिकल (आईपीएस) की टीम ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि आलेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी (सीईटी) की टीम दूसरे और एसआरएमएस सीईटी की एमसीए टीम तीसरे स्थान पर रही। तीनों विजेता टीमों को ट्राफी और नकद पुरस्कार (2100 रुपये, 1500 रुपये और 1000रुपये) प्रदान किए गए। उद्घाटन एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन ऋचा मूर्ति, पूर्णिमा वेणुगोपालन और डा. आशीष कुमार ने किया।



एसआरएमएस बरेली में गणेश चतुर्थी के अवसर पर नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन हुआ • सौ. संस्थान